SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 03 अगस्त 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-03, अंक- 304

## सामाजिक न्याय के मामले में मुखर हो रहे हैं राजग के सहयोगी

» नीट के बाद अब जाति आधारित जनगणना की मांग

» जदयू सांसदों ने की गृह मंत्री से मुलाकात, अनुप्रिया ने लिखा पीएम को पत्र

» पदोन्नति में आरक्षण मामले में पहले से मुखर हैं अठावले




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर राजग के सहयोगी दल लगातार मुखर होते जा रहे हैं। नीट में ओबीसी कोटा लागू करने के फैसले के बाद अब सहयोगी दलों जाति आधारित जनगणना की मांग तेज कर दी है। इसी कड़ी में सोमवार को जहां जदयू सांसदों ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की, वहीं अपना दल की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को पत्र लिखा है। एक अन्य सहयोगी आरपीआई लगातार पदोन्नति में आरक्षण की मांग कर रही है।

रविवार को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के एक दिन बाद जदयू के सांसद ललन सिंह के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह से मिल कर जातिगत जनगणना कराने संबंधी ज्ञापन दिया। सोमवार को ही अनुप्रिया ने पीएम और शाह को पत्र लिख कर जाति आधारित जनगणना की मांग की। गौरतलब है कि इससे पूर्व मानसून सत्र के संबंध में बुलाई गई राजग की बैठक में अनुप्रिया ने नीट में ओबीसी कोटा, उत्तर प्रदेश में 69000 शिक्षक बहाली में आरक्षण नियमों का पालन न करने का मुद्दा उठाया था। इसी बैठक में आरपीआई के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री रामदास अठावले ने पदोन्नति में आरक्षण का मुद्दा उठाया था।

**बिहार भाजपा हमारे साथ- ललन-** ललन सिंह ने कहा कि हमारी योजना पीएम से मिलने की थी। हालांकि हमें इस मुद्दे पर गृह मंत्री से मिलने केलिए कहा गया। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा ने साल 2019 और साल 2020 में जाति आधारित जनगणना के लिए सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किया था। सहमति देने वालों में भाजपा भी शामिल थी। चूंकि साल 1931 में देश में आखिरी बार जातिगत जनगणना हुई, ऐसे में किसी को पता नहीं है कि देश में अलग-अलग जातियों की आबादी कितनी है। यह तस्वीर साफ होनी चाहिए।

**अनुप्रिया बोलीं सात साल से उठा रही हूं मुद्दा-** पीएम और गृह मंत्री को लिखे पत्र में अनुप्रिया ने कहा है कि जातिगत जनगणना समय की मांग है। उनकी पार्टी और वह खुद बीते सात साल से विभिन्न मंच पर यह मामला उठा रही है। पत्र में अनुप्रिया ने इस संबंध में पीएम और गृह मंत्री से पूर्व में हुई मुलाकातों और इस दौरान जाति आधारित जनगणना की मांग किए जाने की याद दिलाई। उन्होंने उम्मीद जताई कि पीएम नीट में ओबीसी कोटा लागू करने की तरह इस मामले में भी सकारात्मक पहल करेंगे।

**राजद है जदयू की परेशानी-** जदयू की असली परेशानी उसकी प्रतिद्वंद्वी राजद है। राजद ने बिहार में इसे एक बड़ा मुद्दा बना लिया है। जदयू नहीं चाहती कि इस संवेदनशील मामले में राजद को सियासी लाभ मिले। यही कारण है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में इस आशय का प्रस्ताव पारित कराने के बाद सोमवार को पार्टी के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने शाह से मुलाकात की।

## समानांतर संसद के विकल्प पर विचार कर रहा है विपक्ष

» आज सुबह विपक्ष की बैठक में होगा अंतिम फैसला

» पेगासस, किसान आंदोलन मुद्दे को तूल देने की है तैयारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेगासस जासूसी और किसान आंदोलन जैसे मुद्दे पर सरकार को बैकफुट पर लाने और इन मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए विपक्ष लंबी लड़ाई के मूड में है। विपक्ष सरकार को परेशानी में डालने केलिए संसद के बाहर समानांतर संसद चलाने के विकल्प पर भी विचार कर रहा है। इस पर अंतिम फैसला मंगलवार को सुबह होने वाली विपक्षी नेताओं की बैठक में होगी।

गौरतलब है कि मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी कांस्टि्यूटशन क्लब में कई विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। इस बैठक में मानसून सत्र के बाकी बची बैठकों के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। टीएमसी सूत्रों का कहना है कि इससे पहले विपक्ष के बीच समानांतर संसद चलाने पर विमर्श हुआ है। मंगलवार को इस विकल्प पर विस्तार से चर्चा कर इस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। गौरतलब है कि यह प्रस्ताव टीएमसी का है।

टीएमसी सूत्र ने कहा कि पेगासस और किसान आंदोलन मामले में विपक्ष की कोशिश हर वह दांव आजमाना है जिससे सरकार दबाव में आए। अगर प्रमुख विपक्षी दल समानांतर संसद चलाने के प्रस्ताव पर सहमति देते हैं तो इससे न सिर्फ इस मुद्दे को राष्ट्रव्यापी प्रचार मिलेगा, बल्कि इस मुद्दे पर अपनी हठधर्मिता के कारण सरकार बैकफुट पर होगी। हालांकि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर अपनी राय स्पष्ट नहीं की है। पार्टी को लगता है कि समानांतर संसद चलाने के फैसले के कारण पार्टी आलोचनाओं का शिकार हो सकती है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नहर में गिरी जीप, एक ही परिवार के 5 बहेः 3 की मौत, 2 की तलाश जारी

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के हनुमानगढ़ टाउन थाना क्षेत्र में जीप के इंदिरा नहर में गिर जाने से एक ही परिवार के बहे पांच लोगों में दो की आज दूसरे दिन भी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के रंजीतपुरा गांव के पास जीप के नहर में गिर जाने से भुरानपुरा निवासी हरीश जाखड़ , पत्नी सुमन , पुत्री मीनाक्षी (14), पुत्र मनीष (07) और भाई की पत्नी मंजू (36) पानी में डूब गये। मौके पर पहुंची पुलिस एवं बचाव दल ने सुमन, मीनाक्षी एवं मंजू के शव निकाल लिए गए जबकि हरीश और पुत्र मनीष की सोमवार को भी नहर में तलाश जारी रही है। पुलिस ने बताया कि हरीश जाखड़ अपने परिवार के साथ सगाई के मामले में नौरंगदेसर जा रहे थे कि उनकी जीप इंदिरा गांधी नहर की आरडी-50 के पास अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। हादसे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष डा सतीश पूनियां ने दुख व्यक्त किया हैं। डा पूनियां ने दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### पानी की आवक बढ़ने से पार्वती बांध के 12 गेट खोले

**धौलपुर (आरएनएस)।** राजस्थान में मानसून की अच्छी वर्षा के दौर के कारण धौलपुर जिले में राज्य के सबसे बड़े कच्चे बांध पार्वती बांध में पानी की आवक बढ़ जाने से उसके 12 गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांध में पानी की आवक बढ़ने से बांध के बारह गेट तीन-तीन फुट की ऊंचाई तक खोले गए हैं। बांध से बड़ी तादाद में पानी के छोड़े जाने से पार्वती नदी के निचले इलाकों में रहने वालों के लिये प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। पार्वती बांध में पानी की आवक लगातार हो रही है और सैंपऊ एवं बसेड़ी इलाकों के निचले इलाकों के गांवों में खतरा पैदा हो गया है।

### अफगानी सेना की कार्रवाई में 15 तालिबान आतंकवादी मरे

**ऐबक।** अफगानी सेना की कार्रवाई अफगानिस्तान में उत्तरी प्रांत सामंगन में तालिबान समूह के ठिकानों पर सेना की कार्रवाई में 15 आतंकवादी मारे गए। सेना प्रवक्ता (उत्तरी क्षेत्र) मोहम्मद हनीफ रेजई ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को हजरत-ए-सुल्तान जिले के कुछ इलाकों में तालिबान समूह के ठिकानों पर हवाई हमला किया गया। सेना की इस कार्रवाई में 15 आतंकवादी मारे गये तथा 15 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने बताया हवाई हमले के दौरान आतंकवादियों के भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी नष्ट कर दिया गया। तालिबान समूह ने इस पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।

### सेना और तालिबान लड़ाकों के बीच संघर्ष में 20 लोग मरे , 90 घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान के हेरात शहर और इसके बाहरी इलाके में पिछले चार दिनों में सेना और तालिबान लड़ाकों के बीच संघर्ष में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गयी और 90 अन्य घायल हुए हैं। सेना और तालिबान लड़ाकों के बीच संघर्ष में नागरिकों के अलावा कम से कम 16 सैनिकों की भी जानें गयी है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक तालिबान लड़ाकों ने हेरात के बाहरी इलाके पर कब्जा कर लिया था। उत्तर-पश्चिमी प्रांत हेरात के 17 में से 16 जिले अभी तालिबान के नियंत्रण में हैं। अफगानिस्तान से अंतरराष्ट्रीय सैनिकों की वापसी के बीच सेना और तालिबान के बीच तनाव बढ़ने से हिंसा की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। तालिबान ने ग्रामीण इलाकों के बड़े हिस्सों पर कब्जा कर लिया है और बड़े शहरों को लक्ष्य कर हमले तेज कर दिये हैं।

### रूस के कुर्लिस्क में भूकंप के झटके हुए महसूस

**मॉस्को।** रूस में कुर्लिस्क के दक्षिण-दक्षिण पूर्वी क्षेत्र में सोमवार को मध्यम श्रेणी के भूकंप के झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण एजेंसी के मुताबिक रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5 4 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 44 1322 उत्तरी अक्षांश और 148 2984 पूर्वी देशांतर तथा जमीन की सतह से 35 किलोमीटर की गहराई में रहा।

## बिहार में राजद के पूर्व विधायक के पुत्र को अपराधियों ने मारी गोली

**बांका (आरएनएस)।** बिहार के बांका जिले के कटोरिया क्षेत्र के पूर्व विधायक भोला प्रसाद यादव के पुत्र प्रफुल चंद्र यादव उर्फ पप्पू यादव की अपराधियों ने गोली मार दी। इस घटना में पूर्व विधायक के पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है लेकिन पुलिस इसे आने वाले पंचायत चुनाव से जोड़कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि रविवार की रात राजद के पूर्व विधायक के पुत्र पप्पू कुशमाहा गांव से अपने घर बौंसी आ रहे थे तभी जबड़ा गांव के पास पहले से घात लगाए अपराधियों ने उनकी बाइक को रोककर उनपर फायरिंग कर दी और अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए।

गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोग एकत्रित हुए और घायल अवस्था में उन्हें बौंसी रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भागलपुर रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है। पुलिस के अधिकारी बताते हैं कि उन्हें गोली कमर में लगी है। बौंसी के थाना प्रभारी राजकिशोर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन प्रारंभ कर दी है। उन्होंने कहा कि अपराधियों की गिरतारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस के मुताबिक फिलहाल घटना के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि आने वाले पंचायत चुनाव को लेकर अपराधियों ने पप्पू को निशाना बनाया हो।

## केरल से तमिलनाडु जाने वाले यात्रियों के लिए निगेटिव सर्टिफिकेट हुआ जरूरी

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु सरकार ने केरल से राज्य की यात्रा करने वाले लोगों के लिए एक निगेटिव आरटी-पीसीआर परीक्षण अनिवार्य कर दिया है। इसे 5 अगस्त से लागू कर दिया जाएगा। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री, मा सुब्रमण्यम ने कहा कि, केरल में कोविड के मामलों में वृद्धि के बाद यह निर्णय लिया गया।



केरल के लोग जो यात्रा से 14 दिन पहले ली गई दूसरी खुराक के साथ पूरी तरह से टीकाकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, उन्हें ही 5 अगस्त से राज्य में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

हालांकि, तमिलनाडु के सीमावर्ती क्षेत्रों जैसे कम्बम, नागरकोइल और वालयार में प्रतिबंध सोमवार से लागू हो गए हैं, क्योंकि अधिकारियों ने यात्रा से 14 दिन पहले निगेटिव आरटी-पीसीआर प्रमाणपत्र या टीकाकरण प्रमाण पत्र पर जोर दिया है।

तमिलनाडु के स्वास्थ्य सचिव, जे राधाकृष्णन के साथ मा सुब्रमण्यम ने रविवार को हवाई अड्डे पर कोविड -19 स्क्रीनिंग की निगरानी के लिए चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनलों का निरीक्षण किया।

मंत्री मा सुब्रमण्यम ने आईएएनएस को बताया, केरल में मामले बढ़ रहे हैं और इसलिए तमिलनाडु राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा के 72 घंटों के भीतर निगेटिव आरटी-पीसीआर प्रमाणपत्र या दूसरी खुराक के साथ पूरी तरह से टीकाकरण प्रमाण पत्र लिया है। यात्रा से 14 दिन पहले लिया गया टीका केरल से तमिलनाडु पहुंचने वाले लोगों के लिए जरूरी है।

मंत्री ने यह भी कहा कि, सड़क, रेल या हवाई मार्ग से यात्रा करने वाले लोगों को ये प्रमाण पत्र तमिलनाडु की सीमा पर प्रस्तुत करना होगा और प्रमाण पत्र दिखाने वालों को ही राज्य में प्रवेश की अनुमति होगी।

राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने उन जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिया है जहां कोविड के मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे मामलों की वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए निवारक उपायों की निगरानी और लागू किया जा सके।

## घर छोड़कर निकली नाबालिग से 6 लोगों ने किया गैंगरेप

**नागपुर(आरएनएस)।** महाराष्ट्र के नागपुर में पारिवारिक झगड़े के बाद गुस्से में घर छोड़कर निकली एक नाबालिग लड़की से 2 अलग-अलग स्थानों पर कुछ घंटे के भीतर 6 लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों में से 4 ऑटोरिक्शा चालक शामिल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार , 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार , तिमकी इलाके में एक कमरे में नाबालिग का 4 लोगों ने कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया और इसके बाद मायो अस्पताल चौराहे के निकट 2 लोगों ने ऑटोरिक्शा में उससे कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाली लड़की का घर में भाभी से झगड़ा हो गया था। पुलिस ने बताया कि इसके बाद वह घर छोड़कर निकल गई और उसके एक दोस्त ने उसे अपने ऑटोरिक्शा से लोहापुल इलाके में छोड़ दिया, जहां वह एक ऑटोरिक्शा चालक से मिली, जिसकी पहचान बाद में शाहनवाज उर्फ सना मोहम्मद राशिद (25) के रूप में हुई।

अधिकारी ने प्राथमिकी के आधार पर बताया कि लड़की ने शाहनवाज से पैसे और आश्रय की मदद मांगी और वह मदद देने के बहाने उसे अपने ऑटोरिक्शा में बिठाकर एक अवैध शराब की दुकान पर लेकर गया, जहां उसने शराब पी और लड़की को भी पीने को मजबूर किया। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद वह उसे तिमकी में 2 लोगों के किराए के घर में ले गया जो नागपुर रेलवे स्टेशन पर लोडर (सामान चढ़ाने-उतारने) का काम करते हैं। अधिकारी ने बताया कि वहां लड़की से शाहनवाज, उसके दोस्त तौशीफ मोहम्मद यूसुफ (26) और 2 लोडर ने कथित तौर दुष्कर्म किया। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद शाहनवाज ने लड़की को मायो अस्पताल चौराहे पर छोड़ दिया। अधिकारी के अनुसार उसके वहां से जाने के बाद 2 अन्य ऑटोरिक्शा चालक लड़की को जबरन अपने वाहन में ले गए और उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया।

अधिकारी ने बताया कि बाद में वहां 2 लोगों ने लड़की को देर रात अकेले पाया तो बातचीत करने पर लड़की ने उन्हें बताया कि उसे कुछ पैसों की जरूरत है ताकि वह नासिक जाने वाली ट्रेन में चढ़ सके। उन्होंने उसे कुछ पैसे दिए। अधिकारी ने बताया कि नागपुर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने लड़की को देखा और कुछ संदेह होने पर उन्होंने लड़की को विश्वास में लिया और उसे बाल देखभाल केंद्र को सौंप दिया। जीआरपी ने रविवार को शाहनवाज, यूसुफ और मोहम्मद मुशीर को गिरफ्तार कर लिया। ये सभी मोमीनपुरा के रहने वाले हैं। इन्हें सीताबुल्दी पुलिस थाने को सौंप दिया गया जबकि वहीं 3 आरोपी फरार हैं।

## राष्ट्रपति कोविंद 5 दिवसीय दौरे पर रवाना हुए तमिलनाडु

**चेन्नई (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तमिलनाडु विधानसभा के शताब्दी समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए सोमवार को पांच दिवसीय यात्रा पर तमिलनाडु पहुंचेंगे। संभावित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति दोपहर 12.45 बजे चेन्नई पहुंचेंगे और राजभवन में रहेंगे। राष्ट्रपति शाम 5 बजे विधान सभा के शताब्दी समारोह में भाग लेंगे, जिसे पहले मद्रास विधान परिषद के रूप में जाना जाता था।

कोविंद चेन्नई के फोर्ट सेंट जॉर्ज में विधान सभा हॉल में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय एम. करुणानिधि के चित्र का अनावरण करेंगे। राष्ट्रपति 3 से 5 अगस्त तक रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन में कार्यक्रमों की एक श्रृंखला में भाग लेंगे और राजभवन, ऊटी में रहेंगे। राष्ट्रपति छह अगस्त को ऊटी से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

तमिलनाडु विधानसभा सचिवालय शताब्दी समारोह को चिह्नित करने के लिए एक स्मारिका लाएगा। स्मारिका में 1921 से विधानसभा द्वारा सामाजिक सुधारों के लिए अधिनियमित किए गए विभिन्न कानून होंगे और साथ ही तमिलनाडु के विकास में द्रविड़ आंदोलन का योगदान भी होगा। स्मारिका राज्य के पूर्व मुख्यमंत्रियों के प्रोफाइल के साथ-साथ राज्य

## आईआईटी रुड़की ने सात नए शैक्षणिक कार्यक्रमों का किया शुभारम्भ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), रुड़की ने नए दौर की प्रौद्योगिकियों के बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डाटा साइंस और आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस में विशेषज्ञता के साथ इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, अर्थशास्त्र और प्रबंधन के चुनिंदा क्षेत्रों में सात नए शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू किए हैं।



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) में सचिव प्रोफेसर आशुतोष शर्मा ने उम्मीद व्यक्त की कि इन कार्यक्रमों से विद्यार्थियों और कामकाजी पेशेवरों को अपने संबंधित क्षेत्रों में मूल्य वर्धन में सहायता मिलेगी। 30 जुलाई, 2021 को एक ऑनलाइन कार्यक्रम में देश के सबसे पुराने प्रौद्योगिकी संस्थान में नए कार्यक्रमों का शुभारम्भ करते हुए उन्होंने कहा, इस तरह की नई पहल लीडर्स को फॉलोवर्स से अलग करती हैं और मैं कार्यक्रमों की रूपरेखा व इससे जुड़ी जानकारियों को सुनकर खासा खुश हूं।

डीएसटी सचिव ने कहा, नए कार्यक्रमों में वर्तमान में प्रासंगिक जानकारियों का प्रसार और हमारे द्वारा सृजित ज्ञान का उपयोग शामिल है। वे अंतर-विषयक और बहु विषयक हैं तथा साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप भी हैं। इनकी शुरुआत से पता चलता है कि हम कुछ सीमाओं को तोड़ने की राह पर हैं, जो हमने ऐतिहासिक रूप से तैयार की हैं।

इन कार्यक्रमों में छह परास्नातक डिग्री कार्यक्रम शामिल हैं और एक पांच वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम है, जिनकी पेशकश अगले शैक्षणिक सत्र (2021-22) से विद्यार्थियों को की जाएगी। इनका उद्देश्य ऐसे नए और उभरते हुए क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है जो आज ज्यादा प्रासंगिक बनते जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में सेंटर फॉर आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस (सीएआईडीएस) के तहत एम. टेक. (आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस) और एम. टेक. (डाटा साइंस), डिजाइन विभाग के तहत एम. डेस. (औद्योगिक डिजाइन) और एमआईएम (मास्टर्स इन इनोवेशन मैनेजमेंट), डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के तहत उद्योग के कामकाजी पेशेवरों के लिए ऑनलाइन एम. टेक. (माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स एंड वीएलएसआई), डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेस के तहत एमएस अर्थशास्त्र (पांच साल का एकीकृत कार्यक्रम) और प्रस्तावित इंटरनेशनल सेंटर फॉर डैम्स (वर्तमान में हाइड्रोलॉजी डिपार्टमेंट द्वारा समन्वित) के तहत एम. टेक. (बांध सुरक्षा एवं पुनर्वास) शामिल हैं।

शुभारम्भ के दौरान, उपस्थित रहे आईआईटी रुड़की के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन बी. वी. आर. मोहन रेड्डी ने उम्मीद व्यक्त की कि ये नए कार्यक्रम शिक्षा को ज्यादा लचीली, सुलभ और जीवन पर्यंत चलने वाली प्रक्रिया का रूप देकर लोगों की धारणा का बदलकर रख देंगे। उन्होंने कहा, हम आत्म निर्भर भारत पर भी काम कर रहे हैं और इसीलिए, शिक्षा के नए दृष्टिकोण के साथ नए क्षेत्र खासे अहम हैं, उद्यमशीलता के साथ ही नवाचार हमारे भविष्य का अभिन्न अंग है। हमारे पास ज्यादा रोजगार सृजन करने वाले हों, यह सुनिश्चित करने के लिए मैं उद्यमिता कार्यक्रम की सिफारिश करता हूं।